प्रेस नोट–

थाना नवाबाद जनपद झाँसी

दिनांक – 28.02.2026

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,**
- **दुष्कर्म के अभियोग में थाना नवाबाद पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार...**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 28.02.2026 को थाना नवाबाद पुलिस द्वारा थाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0 101/26 धारा 64(1)/115(2)/351(2) BNS व 3(2)V SC/ST Act मे वांछित अभियुक्त केतन पटेल पुत्र जानकी पटेल निवासी ग्राम सेरिया थाना टहरौली जिला झांसी उम्र करीब 24 वर्ष को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार भेजा गया।

संक्षिप्त विवरण –

दिनांक 25.02.2026 को वादिया द्वारा थाना नवाबाद पर प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि अभियुक्त द्वारा उसकी पुत्री को अपने कमरे में बुलाकर, मना करने के बावजूद उसके साथ दुष्कर्म किया गया। प्रकरण के संबंध में अभियुक्त केतन पटेल के विरुद्ध मु0अ0सं0 101/2026 धारा 64(1)/352/351(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023 तथा धारा 3(2)(V) एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

उक्त अभियोग की विवेचना श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा ग्रहण की गई। मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त केतन पटेल की तलाश हेतु थाना नवाबाद पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे थे।

इसी क्रम में आज दिनांक 28.02.2026 को उ0नि0 निखिल कुमार, चौकी प्रभारी विश्वविद्यालय, मय हमराह पुलिस बल के मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त केतन पटेल पुत्र जानकी पटेल, निवासी ग्राम सेरिया, थाना टहरौली, जनपद झाँसी, उम्र लगभग 24 वर्ष, को सिटी बस चार्जिंग स्टेशन के पास, कोछाभाँवर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

नाम पता अभियुक्त –

केतन पटेल पुत्र जानकी पटेल निवासी ग्राम सेरिया थाना टहरौली जिला झांसी उम्र करीब 24 वर्ष

<u>अभियुक्त का अपराधिक इतिहास –</u>

1. मु0अ0सं0 101/26 धारा 64(1)/352/351(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 व 3(2)(V) SC/ST ACT थाना नवाबाद जनपद झांसी

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –</u>

1. उ0नि0 निखिल कुमार चौकी प्रभारी विश्व विद्यालय थाना नवाबाद झांसी
2. कां0 1529 प्रद्युमन तिवारी थाना नवाबाद जनपद झांसी